Publication: People Samachar
Date: 29.12.11

मैन इंड. ने दिया 40 % लाभांश

मुंबई। मैन इंडस्ट्रीज (इंडिया) लिमिटेड, जो बड़े व्यास के पाइप बनाने वाली कंपनियों में से एक है, ने 31 मार्च, 2011 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए अब तक का सबसे अधिक शुद्ध मुनाफा 91.96 करोड़ रु. दर्ज कराया है, जो एक साल पहले की समान अवधि में दर्ज किये गये 67.09 करोड़ रु. से जबरदस्त 37.07 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने अपने शेयरधारकों के लिए 40 प्रतिशत लाभांश की भी घोषणा की है, जो पिछले वित्त वर्ष में 35 प्रतिशत था। कंपनी ने 1631.43 करोड़ रु. का कुल टर्नओवर भी दर्ज कराया है, जो पिछले साल के 1524.29 करोड़ रु. से 9.45 प्रतिशत अधिक है।